हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 सितंबर 2025

11 महाराजा अग्रसेन के जीवन से सेवा धर्म और समरसता की मिलती प्रेरणा



12 सेवा पखवाड़ा के तहत पुलिस ने लगाया मेगा रक्तदान शिविर



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एएनसी सेल फतेहाबाद ने नशा तस्करी के खिलाफ एक और सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान गुरमीत सिंह उर्फ गीता पुत्र रूली राम निवासी अजीत नगर, गंदा के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को काबू कर चुकी है।

### ड्रग्स तस्करी का धंधा बेनकाब, सप्लायर काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने डोडा पोस्त और गांजा सप्लाई करने वाले मुख्य तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान संपत सिंह पुत्र हवा सिंह निवासी तलवंडी राणा, जिला हिसार के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि इस मामले में पुलिस पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है।

### तार चोरी मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** तार चोरी के मामले में थाना जाखल पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जगसीर उर्फ सिरा पुत्र देशराज निवासी बाजीगर बस्ती, जाखल के रूप में हुई है। आरोपी से चोरीशुदा तार का बैग बरामद हुआ है। इससे पहले इसी मामले में पुलिस ने कुलदीप सिंह निवासी गांव साधनवास, तहसील टोहाना, जिला फतेहाबाद को भी गिरफ्तार किया था।

### 30 जरूरतमंदों को बांटे पेंशन के चेक

**फतेहाबाद।** सरबत दा भला संस्था द्वारा आज अरोड़वंश धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में 30 जरूरतमंदों को पेंशन एवं सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। हरको चैयरमेन वेद फूलां मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे एवं वशिष्ठ अतिथि के रूप में अरोड़वंश महासभा अध्यक्ष आजाद सचदेवा, भाजपा महिला विंग अध्यक्षा डॉ सुमन बजाज पहुंची।

### अवैध शराब भट्टी संचालित करने वाला दबोचा

**सिरसा।** थाना बड़ागुढा पुलिस ने अवैध शराब भट्टी संचालित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अनूप सिंह के रूप में हुई है। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरा बस स्टैंड बुढाभाणा के पास मौजूद थी। इस दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि गांव बुढाभाणा निवासी अनुप सिंह अपने खेत के पास बने मुर्गीखाने में अवैध शराब की भट्टी चला रहा है।

### रात्रि प्रवास कार्यक्रम गांव घोटडू में 25 को

**फतेहाबाद।** नगराधीश गौरव गुप्ता ने बताया कि लोगों से संवाद स्थापित करने की कड़ी में वीरवार 25 सितंबर को सायं 5 बजे भूना खंड के गांव घोटडू के राजकीय प्राथमिक विद्यालय नजदीक महिला चौपाल में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती और पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन नागरिकों की शिकायतें सुनेंगे।

### 220 की जांची आंखें, 10 ऑप्रेशन के लिए चयनित

**सिरसा।** बाबा बिहारी नेत्रालय में आंखों की जांच का निःशुल्क कैंप शिव मंदिर मुल्तानी कॉलोनी में लगाया गया। सचिव शेखर महिपाल ने बताया कि शिविर में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञा डॉ. नीरू गिजवानी ने अपनी टीम के साथ 220 लोगों की आंखें जांची और 10 मरीजों को ऑप्रेशन के लिए चयनित किया गया। इस दौरान जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाएं व चश्में भी वितरित किए गए। इस मौके पर डॉ. नीरू गिजवानी ने कहा कि आंखों की समय-समय पर देखभाल जरूरी है।

---

### नगरपरिषद टीम पर भेदभाव करने और नियमों की धज्जियां उड़ाने के आरोप

# प्रथम नवरात्र पर नप ने अतिक्रमण हटाने के नाम पर शुरू की तोड़फोड़, दुकानदारों को लगा आघात







फतेहाबाद। अतिक्रमण हटाती जेसीबी मशीन, दुकानदारों को समझाते डीएमसी। फोटो: हरिभूमि

**तोड़फोड़ से व्यापारी वर्ग में गुस्सा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

दो दिन की ब्रेक के बाद नगरपरिषद की टीम ने सोमवार सुबह से ही ताऊ देवीलाल मार्किट में अतिक्रमण हटाने के नाम पर तोडफ़ोड़ शुरू कर दी। नगरपरिषद टीम डीएमसी संजय बिश्नोई के नेतृत्व में ताऊ देवीलाल मार्किट पहुंची और यहां से अपने अभियान की शुरूआत की। नवरात्रे का पहला दिन होने के चलते दुकानदार जब दुकानों पर पूजा के लिए पहुंचे तो उन्हें जेसीबी मशीन दुकान के बाद शैड व अन्य निर्माण को विध्वंस करती नजर आई जिससे दुकानदारों को गहरा आघात लगा। दुकानदारों ने नगरपरिषद टीम पर भेदभाव करने और नियमों की धज्जियां उड़ाने जैसे गंभीर आरोप भी जड़े। वहीं इस तोड़फोड़ से व्यापारी वर्ग में काफी गुस्सा है। इस मामले को लेकर व्यापारी बीजेपी जिलाध्यक्ष से भी मिले।

#### डीएमसी ने दो दिन का दिया था समय

इस कार्रवाई पर जब दुकानदारों ने आपत्ति जताई तो डीएमसी ने दुकानदारों को दो दिन में स्वयं अतिक्रमण हटाने का समय दिया था। समय सीमा खत्म होने के बाद सोमवार सुबह फिर से नगर परिषद प्रशासन एक्टिव हुआ। नगर परिषद अधिकारी बुलडोजर लेकर पुराने बस स्टैण्ड पर पहुंचे। यहां उन्होंने ताऊ देवीलाल मार्केट में दुकानों के बाहर बरामदों में किए गए अवैध निर्माण तोड़ दिए गए। निर्धारित जगह से आगे लगे शेड भी उखाड़ दिए गए। यहां सबसे पहले ढाबे के बाहर किए गए अवैध निर्माण को तोड़ा गया। इसके बाद एक-एक करके दुकानों के बाहर बरामदों की जगह पर किए गए पक्के निर्माण पर बुलडोजर चला। कई दुकानों के बाहर बरामदों को खाली करवाया गया। इस दौरान डीएमसी संजय बिश्नोई, ईओ राजेंद्र सोनी, सचिव गोविंद सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

#### मौके पर पहुंची पुलिस

*बार-बार दुकानदारों के विरोध के चलते पुलिस टीम को भी मौके पर बुलाया गया। हालांकि कई जगह दुकानदार अधिकारियों की मान-मनोव्वल भी करते नजर आए। उन्होंने अधिकारियों को कुछ समय देने की बात कही लेकिन अधिकारियों ने एक नहीं सुनी और जेसीबी की तोड़-फोड़ जारी रही। ताऊ देवीलाल मार्किट में दुकानदारों के अनुरोध पर डीएमसी ने दुकानदारों, अस्पताल संचालक व बैंक अधिकारियों को शाम तक स्वयं अतिक्रमण हटाने का समय दिया।*



फतेहाबाद। बीजेपी जिलाध्यक्ष से बातचीत करते व्यापारी। फोटो: हरिभूमि

#### भाजपा जिलाध्यक्ष से मिले व्यापारी

नगरपरिषद द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान से व्यापारी वर्ग में काफी गुस्सा है। इस मामले को लेकर व्यापार मंडल फतेहाबाद का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष अशोक नारंग के नेतृत्व में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा से मिला एवं उन्हें दिवाली व दशहरे के त्यौहार को देखते हुए अतिक्रमण में ढील देने की गुजारिश की। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि फुटपाथ तक शेड लगाने एवं सीढ़ियों में भी छूट देने की मांग रखी। व्यापारियों ने कहा कि शहर में पानी की निकासी की समस्या है, इसलिए दुकानें थोड़ी ऊंची बनाई जाती है, इसलिए सीढी बनाना जरूरी हो जाता है।

#### दुकानों व बैंक के बाहर बने रैंपों को उखाड़ा

यहां दुकानदारों को चेतावनी देने के बाद डीएमसी के नेतृत्व में नगरपरिषद की टीम बीघड़ चौक पर पहुंची और यहां भी तोड़ फोड़ शुरू कर दी। टीम ने यहां दुकानों व बैंक के बाहर बने रैम्पों को उखाड़ दिया। टीम ने बीघड़ रोड पर दुकानों व शोरूमों के बाहर बनी सीढियों जोकि छूट के दायरे में आती थी, उन्हें भी नहीं छोड़ा, और जेसीबी चला दी। यहां के दुकानदारों ने नगरपरिषद टीम पर भेदभाव के आरोप लगाए। डीएमसी संजय बिश्नोई ने बताया कि नगर परिषद प्रशासन का यह अभियान 25 नवंबर तक निरंतर चलेगा।

---

## छीना झपटी के आरोपी को दबोचा

- भट्टू रोड पर महिला से छीने थे सोने के गहने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भट्टू रोड पर नहर कालोनी मोड़ के समीप एक महिला से सोने के गहने छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कमलजीत उर्फ नागर पुत्र परमजीत सिंह निवासी हरनाम सिंह कॉलोनी, स्वामी नगर, फतेहाबाद के रूप द्व में हुई है। आरोपी से एक मोबाइल फोन और एक कार बरामद की गई है।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में महिला से छीना झपटी का आरोपी। फोटो: हरिभूमि

#### सत्संग घर जाने के नाम पर गाड़ी में बैठाया

*शहर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि थाना शहर फतेहाबाद में सीमा देवी उर्फ श्यामो बाई निवासी नहर कॉलोनी, फतेहाबाद की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। शिकायत के अनुसार, 21 सितम्बर को महिला सुबह सत्संग घर जाने के लिए निकली थी। रास्ते में गाड़ी खड़ी थी, जिसके पास खड़े एक युवक ने खुद को सत्संग घर जाने वाला बताते हुए उसे गाड़ी में बैठा लिया। इसके बाद आरोपी महिला को सुनसान स्थान पर ले गया और उसके कानों की सोने की बालियां, चांदी के कड़े और एक मोबाइल छीन लिया।*

## पीने की सप्लाई पर लगे अवैध कनेक्शन काटे

- गांव भिरड़ाना में कार्रवाई, 19 लोगों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा गांव भिरड़ाना में डोर टू डोर अभियान चलाकर पानी कनैक्शनों की जांच की गई। इस दौरान टीम ने पाया कि ग्रामीणों ने पीने की सप्लाई पर बहुत ज्यादा अवैध और असुरक्षित कनैक्शन कर रखे थे। इस कारण अन्य लोगों के घरों में पानी सप्लाई में दिक्कत आ रही थी। इस पर टीम ने 19 कनेक्शन धारकों को नोटिस दिया, जिनमें से 4 असुरक्षित कनेक्शनों को तुरंत प्रभाव से काट दिया गया जबकि 15 अन्य कनेक्शनों को ठीक करवाया गया। विभाग के जिला सलाहाकार शर्मांचद लाली का कहना है कि जिले की सभी पंचायतों में अवैध और असुरक्षित कनेक्शनों का चिह्नित करके उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा गांव में जन जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें ग्रामीणों से अपील की गई कि वह पीने का पानी का सदुपयोग करें तथा अपने-अपने घरों के नलों पर टेप अवश्य लगवाएं। इसके साथ-साथ कर्मचारी घर घर जाकर उन घरों को चिन्हित किया गया है जिन घरों में पीने के पानी के नलों पर बंद करने के लिए टेप नहीं लगी हुई है, उन घरों में टेप लगवाई जा सके।



फतेहाबाद। गांव भिरड़ाना में अवैध पानी कनेक्शन काटते कर्मचारी।

#### घर-घर जाकर की जांच

*शर्मांचद लाली ने बताया कि आज गांव भिरड़ाना में पानी न पहुंचने की शिकायत पर आज घर-घर जाकर पानी के अवैध और असुरक्षित कनेक्शनों की जांच की गई। जिन लोगों के कनेक्शन खुले पाए गए, उनको भी बंद करने का करने के लिए नोटिस दिए गए है।*

#### ठोस कार्रवाई की जाएगी

*विभाग के खंड संयोजक मदन लाल ने बताया कि पीने के पानी पर जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जितने भी गाड़ी धोने के सर्विस स्टेशन लगे हुए हैं, उनको स्वयं तुरंत प्रभाव से बंद कर दें ताकि जिले में पीने के पानी के संकट से बचा जा सके। इसके लिए विभाग टीम बनाकर चिह्नित करेगा और उनके खिलाफ ठोस विभागीय कार्रवाई की जाएगी।*

---

## मेरी फसल, मेरा ब्योरा पोर्टल पर फर्जीवाड़े के लगाए आरोप

- अधिकारियों से व्यापक जांच करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट नवीन केडिया ने किसानों के लिए बनाए गए सरकार के मेरी फसल, मेरा ब्योरा ई-पोर्टल पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा होने की बात कही है। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों से इसकी व्यापक जांच करवाने की भी मांग की है। नवीन केडिया ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि सैंकड़ों किसानों ने फर्जी तरीके से दूसरे गांवों और किसानों की जमीन अपने नाम दर्ज करवा ली है।

#### किसानों को नुकसान

किसानों का कहना है कि उनके पास पैतृक जमीन के कागजात मौजूद हैं, फिर भी पोर्टल पर उनकी जमीन किसी और के नाम दिख रही है। तहसील और कृषि विभाग में कई बार जाने के बावजूद समाधान नहीं मिला। कांग्रेस नेता ने कहा कि बरसात और बाढ़ के कारण किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। कुदरत के कहर के बाद अब इस तरह की गड़बड़ियां किसानों के मनोबल को तोड़ रही हैं।

## शहर में चोरों का आतंक, तीन वारदातों को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शहर में एक साथ चोरों द्वारा तीन जगह चोरी तथा रानियां गेट से एक्टिवा चोरी होने से पूरे शहर में दहशत का माहौल है। पहली घटना में पुलिस को दी शिकायत में हितेश कुमार ने बताया कि वह रेलवे विभाग में सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। वह हनुमानगढ में ट्रेनिंग के लिए गया था और जाते समय घर के गेट को ताला लगाया था। शाम को वापस आकर देखा तो उसके क्वार्टर पर घर के मेन गेट का ताला नहीं था जब गेट खोलकर अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था।

#### दूसरा मामला

*पुलिस को दी शिकायत में मेला ग्राउंड निवासी पुरषोतम ने बताया कि वह अपने परिवार सहित रिश्तेदारी में गया था। अगले दिन शाम को आकर देखा तो घर से गहने और 40 हजार की नकदी गायब मिली।*

#### तीसरा मामला

*तीसरे केस में पुलिस को दी शिकायत में आरएस मोंगा ने बताया कि शुक्रवार को सेठी धर्मशाला खुली थी। इसके बाद धर्मशाला का मेट गेट बंद कर दिया था। शनिवार शाम 3 बजे सफाई करवाने के लिए धर्मशाला का गेट खोला तो वह अंदर से बंद था। जब उसने गेट खुलवाया और अंदर जाकर देखा तो बाथरूम से सभी टोंटियां व वॉशबेसिन भी तोड़ा हुआ था।*

## विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने पर दंपति काबू

फर्जी कंसल्टेंसी चलाकर युवाओं से की ठगी

- 4.24 लाख की नकद राशि बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

विदेश भेजने के नाम पर युवकों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफॉश करते हुए जाखल पुलिस ने मोहाली से पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जितेंद्र सिंह उर्फ जोत तथा पिंकी निवासी जिला फिरोजपुर, पंजाब के रूप में हुई है। यह दंपत्ति मोहाली में सक्सेस फ्यूचर वीजा कंसलटेंट नामक फर्जी कंसल्टेंसी चला रहा था।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार दंपति। फोटो: हरिभूमि

#### वीजा दिलाने का झांसा देकर 9.24 लाख रुपये वसूले

*पुलिस पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4.24 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। जाखल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि अर्शदीप सिंह पुत्र दिलबाग सिंह निवासी गांव दिवाना, तहसील टोहाना ने शिकायत दी थी कि उक्त दंपत्ति ने विदेश में वर्क वीजा दिलाने का झांसा देकर उससे व उसके पिता से किस्तों में 9.24 लाख रुपये वसूल लिए।*

---

### रंग-बिरंगी लाइटों से सजे शहर के मंदिर, विधि-विधान से की माता की पूजा

# घट स्थापना के साथ नवरात्रों का शुभारंभ मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मां की प्रतिमा का जलाभिषेक कर फूल, रोली, फल और पुष्प किए अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद/रतिया

सोमवार से शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ हो गया है। सुबह से ही जिलेभर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। महिला श्रद्धालुओं ने मां की प्रतिमा का जलाभिषेक किया। उन्होंने फूल, रोली, फल और पुष्प अर्पित किए। शहर के सभी मंदिरों को नवरात्रों के चलते रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। शहर के दुर्गा मंदिर, रघुनाथ मंदिर, गीता मंदिर, श्री श्याम मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, श्री वैष्णो देवी पिंडी मंदिर सहित सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।



रतिया। मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

#### मां शैलपुत्री को सफेद रंग प्रिय : शास्त्री

रतिया के भी मां शीतला मंदिर में आज नवरात्रों के शुभारंभ प्रथम दिवस पर मां आदिशक्ति दुर्गा पूजा नवरात्रों का शुभारंभ घट स्थापना के साथ किया गया। शीतला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सतीश शास्त्री ने बताया कि आज शारदीय नवरात्रों के प्रारंभ पर मां दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा घट स्थापना के साथ की जाती है जोकि मां पार्वती का स्वरूप है। शैल का अर्थ है हिमालय पर्वतराज इसलिए मां पार्वती को शैलपुत्री भी कहा जाता है। मां शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा करने वाले सभी भगतजनों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मां शैलपुत्री को सफेद रंग अति प्रिय है इसलिए उन्हें सफेद रंग की वस्तुएं प्रिय हैं। मां को दूध से बनी हुई मिठाइयां व सफेद रंग की सामग्री भेंट की जाती हैं। आप इसमें दूध दही भी अर्पित कर सकते हैं।





## सिरसा : शारदीय नवरात्रि के पहले मंदिरों में भक्तों का लगा तांता

**सिरसा/ओढां।** शहर के सालासर धाम मंदिर में नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। इसके अलावा शहर के अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पुरानी अनाज मंडी ओढ़ा में स्थित श्री दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्रों के पहले दिन श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिर को फूलों व लड़ियों से सुंदर ढंग से सजाया गया। सोमवार को सुबह महिलाओं द्वारा माता रानी के स्वरूप को विधि पूर्वक स्नान करवाकर नए वस्त्र धारण करवाएं गए। इसके बाद पुजारी देव शर्मा ने रामलाल सिंगला के सहयोग से कलश की स्थापना की। पुजारी देव शर्मा ने मंत्रों उच्चारण के साथ प्रधान रामपाल सिंगला के परिवार के हाथों पूजा गणपति गोरी, नवग्रह,षोडशोपचार, कलश व अखण्ड ज्योति पूजन करवाकर माता की अखण्ड ज्योति प्रज्वलित की।





आवरण कथा

मोनिका शर्मा

# व्यावहारिक धरातल पर बढ़ती स्त्री शक्ति की स्वीकार्यता

यह एक अनुपम संयोग है, इस बार नवरात्रों में बेटी दिवस भी पड़ रहा है। नवरात्र में कन्या पूजन की परंपरा है। बेटियों को देवी का रूप मानकर पूजना मात्र एक रीत नहीं है, यह स्त्री शक्ति का मान है। दूसरी ओर नवरात्र में देवी की उपासना से हमें आध्यात्मिक-मानसिक ऊर्जा मिलती है, हमारी आत्मशक्ति बढ़ती है। इसी आत्मशक्ति से आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेधा शक्ति प्रदर्शित कर रही हैं।

बेटियां घर-आंगन की रौनक मानी जाती हैं। लक्ष्मीस्वरूपा कही जाती हैं। हमारे परिवारों में बिटिया के मान-मनुहार की रीत सदा से रही है। त्योहारी खुशियां, घर की लाडलियों की मुस्कुराहटों के बिना अधूरी सी लगती हैं। इतना ही नहीं, बिटिया को देवी स्वरूप मानकर पूजन का भी रिवाज है। मां आदिशक्ति की उपासना के ये दिन बेटियों के सशक्त रूप और पूज्यनीय स्थान को ही याद दिलाते हैं। सुखद है कि बेटियां आज कोमलांगी रूप में स्नेह-मान ही नहीं पा रहीं, उनका सशक्त स्वरूप आर्म्ड फोर्सेस से लेकर खेलों की दुनिया तक भी स्पष्ट दिखता है। ऐसे में मां शक्ति की अर्चना के उत्सव में कन्या पूजन की रीत, बेटियों से सशक्त व्यक्तित्व की स्वीकार्यता और स्नेह जताने के भाव से ही जुड़ी है। वहीं पंडालों में मां शक्ति के समक्ष नत होने का भाव स्त्री शक्ति के सामर्थ्य का सुंदर उत्सव सा है।

**शक्ति पूजन से जुड़ा रिवाज:** बेटियों को देवी का रूप मानकर पूजन करने की रीत मात्र एक रिवाज भर नहीं है। यह स्त्री शक्ति को मान देने की रीत भी है। मां गौरी के सौम्य ही नहीं, रौद्र रूप तक की आराधना का भाव लिए है। शक्ति के प्रति भय नहीं, भावपूर्ण जुड़ाव की झांकी-सा है। असल में नवरात्रों में कन्या का पूजन करने के पीछे बेटियों को सर्वविद्या स्वरूपिणी मानने की आस्था भी है। यही वजह है कि हमारे शास्त्रों में भी मां गौरी स्वरूप मानते हुए बालिकाओं के पूजन को बहुत अहमियत दी गई है। इसका एक प्यारा और प्रगतिशील पक्ष यह भी है कि इससे धार्मिक ही नहीं, सामाजिक-पारिवारिक पहलू भी जुड़े हैं। सामाजिक रूप से कन्या पूजन में कोई जाति भेद ना रखना, रेखांकित करने वाली बात है। वहीं परिवार में भी बिटिया को समान अधिकार और परवरिश मिलने की सोच को बल मिलता है। धार्मिक मोर्चे पर यह मातृ शक्ति के रूप में स्त्री के सामर्थ्य को मान देने का पहलू लिए है।

**साहस और सफलता की स्वीकार्यता:** असल में नवरात्र शब्द संस्कृत के 'नव' और 'रात्र' से बना है। यहां नव का अर्थ नौ और रात्र यानी रातें है। माता दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों को समर्पित नौ रातों में आस्था और उत्सव की रौनक हर ओर दिखती है। उपवास और आराधना के ये दिन भीतरी बदलाव के भी प्रतीक हैं। यह पर्व राक्षस महिषासुर पर मां शक्ति की विजय का स्मरण करवाता है। यह जीत स्त्री शक्ति और उनके मान के मायने समझाती है। माता भगवती के नौ शक्तिशाली रूपों के सम्मान का भाव कहीं न कहीं महिलाओं के सम्मान और समानता की सोच को भी पोसता है। व्यावहारिक रूप से देखा जाए तो आज हर ओर स्त्रियों की सशक्त उपस्थिति दिखती है। यह मौजूदगी उनके सबल होने का ही प्रतीक है। भारत में महिलाओं की कुल आबादी लगभग 66.3 करोड़ है। इनमें हर आयुवर्ग की स्त्रियां शामिल हैं। महिलाओं के कुल आबादी में से करीब 45 करोड़ महिलाओं की उम्र 15 से 64 वर्ष के बीच है। देश की श्रमशक्ति में अहम हिस्सेदारी निभाने वाली युवतियां हों या परीक्षाओं में अव्वल आने वाली बेटियां, महिलाएं राष्ट्र की रीढ़ बनी हुई हैं। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में मेडल बटोरने वाली लाडलियां हों या सैन्य मोर्चे पर डटीं बेटियां, ये शक्तिस्वरूपा बन परिवार का ही नहीं, देश का भी मान बढ़ा रही हैं। ग्लोबल मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं आत्मविश्वास से लबरेज नजर आती हैं। स्टार्टअप्स की बात हो या सफल उद्यमियों की, महिलाएं अहम भूमिकाओं में दिख रही हैं। सुखद है कि देश की श्रमशक्ति का हिस्सा बनी स्त्रियों के साहस और सफलता की समग्र समाज में स्वीकार्यता दिखती है। वहीं घर-परिवार को थामने वाली स्त्रियों की भागीदारी और संघर्ष को भी समझा और मन से मान दिया जाने लगा है।

**विचार और व्यवहार का परिष्करण:** नवरात्र का पर्व समाज में वैचारिक चेतना भी जगाता है। मां की उपासना के इन दिनों में आध्यात्मिक और मानसिक ऊर्जा के उपार्जन को बल मिलता है। पूजन-अर्चन का यह जीवंत उत्सव सकारात्मक सोच और आत्मशुद्धि की ओर प्रवृत्त करता है। 'या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्यभिधीयते' श्लोक के अनुसार-देवी तुम चेतना के रूप में सभी जीवों में स्थित हो। यह भाव मां की सर्वव्यापकता और चेतनामयी उपस्थिति को समझाता है। आराधना से जुड़ा यह भाव इंसानी मन को चैतन्य बनाता है। अपने परिवेश और प्रकृति से जोड़ता है। विचार और व्यवहार के इस परिष्करण से भी स्त्रियों के प्रति मान का भाव बढ़ा है। वहीं आत्मिक ऊर्जा जुटाकर स्त्रियां सबल बन रही हैं, अपने लक्ष्यों तक पहुंच रही हैं। महिलाएं तो विवेक रूपी अस्त्र का प्रयोग कर रूढ़िवादी बंधनों से खुद को मुक्त कर ही रही हैं, समाज भी उनके जाग्रत अस्तित्व को सम्मान देने लगा है। स्त्री शक्ति चेतनामयी बन जीवन के अंतर्द्वंद्वों पर विजय पा रही है। परिवार में भी सधी सोच की सजगता से दमकते बहू-बेटियों के व्यक्तित्व को सराहा जाने लगा है। नवरात्र, मां आदिशक्ति की उपासना का आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व जरूर है पर हर क्षेत्र में भागीदारी दर्ज करवाती महिलाओं के सामर्थ्य और बुराइयों का प्रतिकार करने की उनकी सोच हमें स्त्री शक्ति के वास्तविक स्वरूप से भी मिलवाती है।



### नेह-सम्मान का साझा भाव

**बेटियां समाज** की साझी होती है। उनका मान पूरे समाज की जिम्मेदारी है। संभवतः इसीलिए मां शक्ति की उपासना में, आस-पड़ोस और समाज की नौ कन्याओं को भोजन करवाने का रिवाज जुड़ा है। देवी का रूप मानकर कन्या पूजन करने की परंपरा को कंजक कहा जाता है। बंगाल में तो छोटी-छोटी बच्चियों को भी मां कह कर बुलाया जाता है। वहां छठवें दिन मां आदि शक्ति के आह्वान से शुरू होने वाला यह पूजन-अर्चन का उत्सव, दसवें दिन तक चलता है। यहां भी मां गौरी को बेटी के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि माता दुर्गा, इन दिनों ससुराल से मायके आती हैं। आज जब बेटियों की सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता बनी हुई है, नवरात्र के पर्व से जुड़ी आस्था का भाव उनकी सुरक्षा-सम्मान दोनों का संदेश देता है। कंजक के रूप में छोटी बच्चियों से लेकर मायके आने वाली बिटिया के मान-मनुहार तक, बेटियों को अपना मानने और उनका मान बनाए रखने की साझी रीत को लिए है।



## नवरात्रों में ऐसे करें देवी पूजन
# सिद्ध होंगी सभी मनोकामनाएं

नवरात्रों में देवी पूजन का विशेष महत्व है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। अगर आप इस दौरान शास्त्रोक्त विधान से पूजन करेंगी तो देवी माता की विशेष कृपा आपके पूरे परिवार को प्राप्त होगी।

पूजन-विधान

अनिता जैन, वास्तुविद



मां आदिशक्ति भवानी की उपासना, शक्ति की साधना, ऋतुओं के संधिकाल में पड़ने वाला आध्यात्मिक ऊर्जा के संचयन का महापर्व, शारदीय नवरात्र कल (22 सितंबर, सोमवार) से शुरू हो चुका है। आगामी 2 अक्टूबर, मंगलवार को विजय दशमी के साथ इसका समापन होगा।

**मां दुर्गा की महिमा:** नवरात्र के इन पावन दिनों में मां के भक्त परब्रह्म शक्ति की उपासना करके स्वयं को और अपने परिवार को दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति दिला सकते हैं। देवी भागवत के अनुसार दुर्गा ही ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश के रूप में सृष्टि का सृजन, पालन और संहार करती हैं। भगवान शिव के कहने पर रक्तबीज शुंभ-निशुंभ, मधु-कैटभ आदि दानवों का संहार करने के लिए, देवी पार्वती ने असंख्य रूप धारण किए, लेकिन देवी के प्रमुख नौ रूपों (मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री) की पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्र का हर दिन देवी मां के विशेष रूप को समर्पित होता है, हर स्वरूप की उपासना करने से अलग-अलग प्रकार के मनोरथ पूर्ण होते हैं। शास्त्रों की मान्यता है कि देवी इन नौ दिनों में पृथ्वी पर आकर अपने भक्तों के सभी कष्टों को दूर कर, उन्हें सुख-सौभाग्य, विद्या और दीर्घायु का वरदान प्रदान करती हैं। इसलिए नवरात्र, माता भगवती की साधना का सर्वोत्तम समय होता है। नवरात्र के नौ दिनों में पांच ज्ञान इंद्रियां, पांच कर्म इंद्रियां और एक मन, इन ग्यारह को जो संचालित करती हैं, वही परम शक्ति हैं। यह जीवात्मा, परमात्मा, भूताकाश, चित्ताकाश और चिदाकाश में सर्वव्यापी हैं। इनकी श्रद्धाभाव से आराधना की जाए तो चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**ऐसे करें देवी पूजन:** नवरात्रों में प्रतिदिन प्रातः घर को साफ-सुथरा करके मुख्य द्वार के दोनों तरफ स्वस्तिक बनाएं और सुख-समृद्धि के लिए दरवाजे पर आम या अशोक के ताजे पत्तों का तोरण लगाएं। मान्यता है कि माता की पूजा के दौरान देवी के साथ तामसिक शक्तियां भी घर में प्रवेश करती हैं, लेकिन मुख्यद्वार पर बंदनवार लगी होने के कारण तामसिक शक्तियां घर के बाहर ही रहती हैं। दिन सुबह स्नानादि करके माता दुर्गा की मूर्ति या तस्वीर को लकड़ी की चौकी या फिर आसन पर, स्वस्तिक का चिन्ह बनाकर स्थापित करना चाहिए। मां दुर्गा की मूर्ति के बाईं तरफ श्री गणेश की मूर्ति रखें। उसके बाद माता के समक्ष मिट्टी के बर्तन में जौ बोएं, जो समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक माने जाते हैं। मां की आराधना के समय यदि आपको कोई भी मंत्र नहीं आता हो तो केवल दुर्गा सप्तशती में दिए गए नवार्ण मंत्र 'ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडायै विच्चै' से पूजा कर सकते हैं और यही मंत्र पढ़ते हुए पूजन सामग्री अर्पित करें। माता शक्ति का यह मंत्र अमोघ है। अगर संभव हो सके तो देवी को श्रृंगार का सामान और नारियल-चुन्नी जरूर चढ़ाएं। अपने पूजा स्थल से दक्षिण-पूर्व की तरफ घी का दीपक जलाते हुए 'ऊँ दीप ज्योतिः परब्रह्म दीप ज्योतिर्जनार्दनः। दीपो हरतु मे पापं पूजा दीप नमोस्तुते' यह मंत्र पढ़ें और आरती करें। देवी मां की पूजा में शुद्ध देसी घी का अखंड दीप जलाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है, सुख-शांति आती हैं।

### देवी मां के इन मंत्रों का करें जाप

मान्यता है कि अगर नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के मंत्रों का जाप पूरे भक्तिभाव से किया जाए, तो व्यक्ति को विशेष फल की प्राप्ति होती है, जीवन भय एवं बाधाहित हो जाता है और साथ ही समस्त सुखों की प्राप्ति होती है।

- सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
  शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोऽस्तुते।।
- ऊँ जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
  दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।।
- ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै।

अनुभूति

सरस्वती रमेश

बेटियां घर-परिवार की वो खुशबू होती हैं, जो सबको अपनेपन से बांधे रखती हैं। सबको आपस में जोड़, घर की ताकत बढ़ाती हैं बेटियां। ऐसे में बेटियां इस बात की हकदार हैं, उन्हें हर परिवार में प्यार-दुलार और मान-सम्मान मिले।

# परिवार की अनमोल रत्न हैं बेटियां

जिस घर में बेटियां होती हैं, वह घर हमेशा प्रेम-स्नेह से सराबोर रहता है। एक भीनी-भीनी आत्मीय सुगंध परिवार के हर सदस्य को मिलती रहती है। जिस तरह गुलाब के फूल पूरे चमन को खूबसूरती से बढ़ा देते हैं, ठीक ऐसे ही बेटियां, घर-आंगन की रौनक बढ़ा देती हैं। बेटियां परिवार, रिश्तों और भावनाओं को बड़ी तन्मयता से अपने स्नेह के जल से सिंचित करती हैं।



**बेटियों से रोशन हैं रिश्ते:** बेटियां घर की रौनक होती हैं। बचपन में वो अपनी मासूम हंसी और आत्मीय बातों से सबका मन मोह लेती हैं। बड़ी होने पर अपनी परवाह और देखभाल से सबकी चहेती बन जाती हैं। शादी के बाद यादों में बस कर माता-पिता, दादा-दादी सबकी आंखों में आंसू छलका देती हैं। पहले घर के कामों में आगे बढ़कर मां का हाथ बंटाती हैं, फिर शादी होने के बाद संस्कारों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक ले जाती हैं। ससुराल और मायके के बीच पुल बनकर दो परिवारों को जोड़ती हैं। इस तरह सदियों से चली आ रही सामाजिक परंपरा की धारा को अनवरत जारी रखती हैं। बेटियां, एक रिश्ते में कई रिश्तों के अहसास दिलाती हैं। हर रिश्ते में प्यार की मिठास घोलती हैं बेटियां।



**सबकी परवाह करती हैं:** पारिवारिक फिल्मों में ऐसे दृश्य खूब दिखाई देते हैं, जिसमें परिवार के सभी सदस्य घर के किसी काम के लिए छोटी या बड़ी बेटी को ही बुलाते हैं। उन्हें पता है कि उनका काम बेटी जरूर कर देगी। बेटी भी खुशी-खुशी मम्मी-पापा, दादा-दादी, काका-काकी की पुकार पर दौड़ी चली आती है। ये सिर्फ फिल्मों के दृश्य नहीं हैं। आज भी हमारे भारतीय परिवारों में रिश्ते-नातों से प्रेम बेटा-बेटी दोनों करते तो हैं, लेकिन बेटी के प्रेम में करुणा, ममता और सेवाभाव भी होता है। पापा की छोटी-मोटी चीजें, दादाजी का चश्मा और दादी की जोड़ों के दर्द की दवाएं यदि खो गई हैं तो उसे बेटी ही ढूंढ कर लाती है।

**घर को सजाती है बेटियां:** घर को सहेजने, संवारने में बेटियां जी-जान लगा देती हैं। परिवार से रिश्ता गांठने वाली बेटियां घर के कोने-कोने से संबंध बना लेती हैं। तो हमारी यह जिम्मेदारी बनती है, बेटियों का मान-सम्मान करने के साथ ही, उनके मन को समझने की कोशिश करें। ससुराल जाने के बाद भी उन्हें वही पुराना दुलार-प्यार जीवन भर दें।

### बेटी दिवस का संदेश

बेटियां माता-पिता के जीवन की सबसे अनमोल रत्न होती हैं। फिर ऐसा क्यों है कि घर-परिवार और समाज में पीड़ित, प्रताड़ित होने की खबरें आए दिन अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। दरअसल, सदियों से चली आ रही ये रीतियां गलत हैं। इन्हें बदलने की पहल हमको, आपको ही करनी होगी। यह हमारी और समाज की जिम्मेदारी है कि उन्हें घर-परिवार में आदर के साथ बराबरी का अधिकार मिले। जिस घर को संवारने में उन्होंने अपना तन-मन लगाया, उस घर की संपत्ति में उन्हें भी बराबर का हक दिया जाए, जिससे किसी मुसीबत में पड़ने पर जब भी वो ससुराल से मायके लौटें तो अपना घर समझ कर लौटें। तो बेटी दिवस (28 सितंबर) पर आप भी संकल्प लें, अपने घर की बेटियों को बिना किसी बंधन या रूढ़ियों के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की आजादी देंगे। बेटी दिवस मनाने के पीछे संदेश भी यही है।

मेकअप

ललिता गोयल

# मेकअप करें ऐसे कि फंक्शन में आप दिखें सबसे अलग-गॉर्जियस

नवरात्र के दौरान युवतियां और टीनएजर गर्ल्स गरबा और डांडिया फंक्शन में शामिल होने के लिए मचलने लगती हैं। इस खास अवसर पर महिलाएं ट्रेडिशनल आउटफिट पहनती हैं। इसके साथ आपको अपने मेकअप पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है क्योंकि खूबसूरत मेकअप ही आपके लुक में चार चांद लगाता है। अगर आप भी गरबा नाइट के दौरान खुद को सबसे अलग और गॉर्जियस दिखाना चाहती हैं तो यहां बताए जा रहे टिप्स को फॉलो करें।

**फेस क्लीनिंग:** डांडिया फंक्शन के लिए मेकअप ऐसा होना चाहिए, जो पसीने से बहे भी नहीं और ज्यादा देर तक टिका भी रहे। इसके लिए मेकअप से पहले चेहरे को क्लींजर से साफ करें और क्लीन फेस पर आइस पैक से मसाज करना भी ना भूलें।

**वाटर-बेस्ड प्रोडक्ट्स:** गरबा या डांडिया नाइट फंक्शन में शामिल होने के लिए वाटरप्रूफ मेकअप ही अप्लाई करें, क्योंकि अगर मेकअप वाटरप्रूफ नहीं हुआ तो गरबा खेलते हुए पसीना आने से फेस का लुक खराब हो सकता है। वाटर-बेस्ड मेकअप प्रोडक्ट्स अच्छे रहते हैं क्योंकि ये काफी लाइट होते हैं।



**सबसे पहले बेस बनाएं:** मेकअप शुरू करने से पहले अच्छा फेस प्राइमर जरूर लगाएं। प्राइमर, मेकअप को लंबे समय तक टिके रहने में मदद करता है। प्राइमर लगाने के बाद चेहरे, गले और बैक पर एसपीएफ फ्री फाउंडेशन से बेस बनाए।

**कंसीलर यूज करें:** मेकअप करते समय चेहरे के दाग-धब्बों को छिपाने के लिए करेक्टर या कंसीलर का इस्तेमाल करें। इसके बाद कॉम्पेक्ट पावडर लगाएं।

**ब्लश से शाइनिंग लुक:** चेहरे को शाइनिंग लुक देने के लिए चीक्स पर आगे की तरफ से ब्लशर को आउटर चीक्स की तरफ ब्लेंड करें।

**लिपस्टिक:** गरबा नाइट में तैयार होने के लिए लाइट पीच, न्यूड शेड, लाइट ऑरेंज, कलर की लिपस्टिक का शेड बेहद खूबसूरत लगता है। ये शेड्स पूरे लुक में निखार लाते हैं। लाइट आई शैडो के साथ डार्क कलर की लिपस्टिक लगाएं और डार्क आई शैडो के साथ लाइट कलर की लिपस्टिक लगाएं, यह स्टनिंग लुक देगा।

**आई मेकअप:** आंखों का मेकअप करने के लिए सबसे पहले वाटर प्रूफ जैल आईलाइनर से आंखों के ऊपरी किनारे पर विंग्ड या स्मज लुक दें। वाटरलाइन पर काजल लगाएं, लेकिन ध्यान रखें कि वह स्मज-प्रूफ हो। इसके बाद वाटर प्रूफ मस्कारा लगाएं। आंखों का मेकअप करते समय अपनी ड्रेस से मैच करता हुआ आईशैडो यूज करें। आई मेकअप को कॉम्प्लीमेंट करने के लिए हल्की आई पेंसिल आईब्रोज पर अप्लाई करें। अंत में मेकअप सेटिंग स्प्रे का यूज करें।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल एडवाइस

डॉ. संजय कुमार चुग

एचओडी-कॉर्डियोलॉजी

नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम

स्पेशल: वर्ल्ड हार्ट-डे, 29 सितंबर

बिगड़ते लाइफस्टाइल, अनहेल्दी फूड हैबिट, ओवर वर्कप्रेशर और अन्य कई कारणों से अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में हार्ट डिजीज से ग्रस्त हो रही हैं। इसके कारण, प्रमुख लक्षण और बचाव के बारे में आपको दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

# तब आपका हार्ट रहेगा हेल्दी



आज के दौर में अनहेल्दी डाइट और गलत लाइफस्टाइल के कारण पुरुषों से अधिक महिलाओं में हार्ट डिजीज की समस्या तेजी से बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भी हार्ट डिजीज महिलाओं में मौत का प्रमुख कारण बन चुका है, जो पुरुषों की तुलना में अब और भी ज्यादा जानलेवा साबित हो रहा है।

**प्रमुख कारण:** महिलाओं में हार्ट डिजीज के केसेस बढ़ने के कई कारण हैं। खान-पान पर जरूरी ध्यान ना दिया जाने के अलावा मोटापा भी हार्ट डिजीज का कारण बन सकता है। हाल के वर्षों में भारतीय महिलाओं में मोटापे की दर 40% से अधिक हो चुकी है। मॉडर्न लाइफस्टाइल के कारण महिलाएं अपनी डाइट और हेल्थ-फिटनेस का ध्यान नहीं रख पाती हैं। खासतौर पर डेस्क जॉब करने वाली वर्किंग वूमेन, जो लंबे समय तक इनएक्टिव रहती हैं, अगर वे रेग्युलर एक्सरसाइज न करें तो भी हार्ट डिजीज होने का रिस्क बढ़ जाता है। वर्क फ्रॉम होम का ट्रेंड बढ़ने से जॉब करने वाले प्रोफेशनल्स (पुरुष के साथ महिलाएं भी) को 8 घंटे के बजाय 12-14 घंटे तक लगातार काम करना पड़ता है। हाई प्रेशर जॉब और कम समय में टारगेट पूरा करने जैसी स्थिति में तनाव-हाइपरटेंशन से शरीर में मौजूद कोर्टिसोल हार्मोन का लेवल बढ़ जाता है। यह भी हार्ट हेल्थ के लिए नुकसानदायक होता है। इसके अलावा पिज्जा, बर्गर, नूडल्स जैसे जंक फूड खाना भी हार्मफुल है। इसके साथ ही स्मोकिंग एल्कोहल जैसी चीजों का सेवन करने से भी हार्ट ब्लॉकेज की समस्या हो सकती है। मेनोपॉज के बाद महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है, जो हार्ट को सुरक्षा प्रदान करता है। इसी वजह से 50 वर्ष की आयु के बाद अनेक महिलाओं में हार्ट डिजीज का खतरा दोगुना हो जाता है। इसके साथ ही शुगर और थायरॉइड की समस्या भी हार्ट डिजीज के कारणों में से एक है।



**प्रमुख लक्षण:** महिलाओं में हार्ट डिजीज के लक्षण पुरुषों से अलग होते हैं, जिसके कारण इसके लक्षणों को पहचानने में देरी हो जाती है। महिलाएं इसके लक्षणों को सामान्य थकान या पाचन संबंधी समस्या समझ लेती हैं। आमतौर पर उन्हें सीने में तेज दर्द के बजाय हल्का दर्द, दबाव, जलन या भारीपन महसूस होता है, जो बाएं हाथ, गर्दन, जबड़े या पीठ तक फैल सकता है। सांस लेने में तकलीफ, सांस फूलना, चक्कर आना, अचानक ज्यादा थकान महसूस होना, जी मिचलाना, उल्टी, पेट में दर्द, नींद न आना, चिंता, घबराहट, ठंडा पसीना या अनियमित धड़कन का तेज होना, इसके प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं। यदि ये लक्षण 20-30 मिनट से अधिक रहें, तो तुरंत डॉक्टर से सहायता लें। महिलाओं में हार्ट डिजीज अकसर 'साइलेंट' होता है।

**बचाव एवं उपचार:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, लाइफस्टाइल में बदलाव लाकर कॉर्डियो वैस्कुलर डिजीज को कंट्रोल किया जा सकता है। अपनी डाइट में मौसमी फल, सब्जियां, साबुत अनाज, नट्स और हर तरह की दालों को शामिल करें। नमक, चीनी, घी, तेल और मिर्च-मसालों का सीमित इस्तेमाल करें। नियमित रूप से योग, व्यायाम और एक्सरसाइज करें। स्विमिंग भी दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होता है। ऐसी एक्टिविटीज की वजह से वजन और ब्लडप्रेशर कंट्रोल रहता है, जो हार्ट डिजीज से बचाव में मददगार साबित होता है।

प्रस्तुति: विनीता कुमारी

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**रतिया।** लायंस क्लब रतिया सिटी जाहरवीर गोगा मेडी मंदिर रतिया में अल्ट्राटेक सीमेंट के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। जोन चेयरमैन प्रदीप बंसल, जिला चेयरपर्सन गोपाल चंद कुलरियां ने बताया कि इस शिविर में जगदंबे ब्लड सेंटर अग्रवाल अस्पताल, टोहाना की टीम ने हेड प्रकाश गर्ग और स्टाफ सदस्यों ने अपनी सेवाएं दी। सबसे पहले सभी का ब्लड प्रेशर और शुगर चेक की गई। ठीक होने पर तभी रक्तदान लिया गया। इस अवसर पर क्लब के सचिव राजू अरोड़ा, वरिष्ठ सदस्य डॉ. नरेश जिंदल, कोषाध्यक्ष खेमचंद मोंगा आदि भी उपस्थित रहे। गोगामेड़ी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रामगोपाल गोयल का भी विशेष योगदान रहा।

### युवा योद्धा सम्मेलन आज तैयारियां पूरीः वर्मा

हरिभूमि न्यूज, सिरसा। जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि कल 23 सितंबर को सिरसा की अनाजमंडी में होने वाले युवा योद्धा सम्मेलन की सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। सोमवार को अपने सहयोगियों के साथ सम्मेलन स्थल का निरीक्षण करने के दौरान जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि युवा योद्धा सम्मेलन ऐतिहासिक होगा क्योंकि युवा वर्ग का इस सम्मेलन के प्रति पूरा उत्साह है। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह चौटाला व युवा जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने प्रदेशभर के युवाओं को उनकी सामाजिक व राजनीतिक अभिव्यक्ति के लिए मंच उपलब्ध करवाया है।

### नेशनल कॉलेज में वाणिज्य विषय परिषद गठित

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए वाणिज्य विषय परिषद गठित की गई। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि प्रत्यक्ष साक्षात्कार एवं विभिन्न रूचिगत व व्यवहारिक विशेषताओं के आधार पर गठित वाणिज्य सभा की कार्यकारणी में बी.कॉम तृतीय वर्ष के छात्र मनोज जोशी को अध्यक्ष, बी.कॉम तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान को उपाध्यक्ष, बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्र रामजीलाल को सचिव, बी.कॉम द्वितीय वर्ष के छात्र सुनील को कोषाध्यक्ष चुना गया। सोशल मीडिया सचिव की जिम्मेदारी बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्र राजन को सौंपी गई।

### सेवा पखवाड़ाः चित्रकारी में शबनम रही अव्वल

**सिरसा।** सेवा पखवाड़ा और हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान व स्वच्छता ही सेवा के तहत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खारियां के प्रांगण में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। विद्यालय के प्राचार्य सदीप सिंह ने बताया कि लखविंद्र सिंह रतन की देखरेख में स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए चित्रकारी व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकारी में प्रथम शबनम, द्वितीय अरविंद व तृतीय स्थान पर गुंजन रही जबकि स्लोगन लेखन में प्रथम अरविंद, द्वितीय दृष्टि व तृतीय गुंजन रही।

### जिलेभर में धूमधाम से मनाई अग्रसेन जयंती, निकाली भव्य शोभायात्रा

# महाराजा अग्रसेन के जीवन से सेवा धर्म और समरसता की मिलती प्रेरणा




सिरसा। महाराजा अग्रसेन जयंती कार्यक्रम में भाग लेते पूर्व राज्यपाल गणेशीलाल व अन्य गणमान्य लोग तथा शोभायात्रा में शामिल अग्र बंधु। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिलाभर में अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई गई। अग्रवाल समाज की ओर से शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। श्री अग्रवाल पार्क ट्रस्ट द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने 'एक ईंट और एक रुपया' के सिद्धांत की शुरुआत की। जिसके अनुसार नगर में आने वाले हर नए परिवार को नगर में रहने वाले हर परिवार की ओर से एक ईंट और एक रुपया दिया जाएं। ईंटों से वो अपने घर का निर्माण करें एवं रुपयों से व्यापार करें। इस तरह महाराजा अग्रसेन जी को समाजवाद के प्रणेता के रुप में पहचान मिली। वास्तव में महाराजा अग्रसेन सच्चे समाजसेवी थे। जातिवाद और हिंसा के विरोधी थे।

प्रो. गणेशी लाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के जीवन से हमें सेवा, धर्म और समरसता की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि संस्कारों से जीवन का पूजन ही सच्ची प्रगति है। मनीष सिंगला ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ते हैं और युवाओं में सेवा की भावना पैदा करते हैं। प्रवक्ता आकाश चाचान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जेपी गुप्ता, संजय गोयल, अनिल सर्राफ, संजय गोयल सहुवाला, अश्वनी बांसल, हीरा लाल शर्मा, अतुल बांसल, पुरुषोत्तम गोयल, कीर्ति गर्ग, अशोक बांसल, रामकृष्ण गोयल, संजय गर्ग, आकाश चाचाण, कपिल रुवलाणी, हर्ष मरोडिया, पवन गोयल, सुनील गर्ग, रामकृष्ण गोयल, संजय गर्ग, प्रवीण महिपाल, जीडी मित्तल, वेदभूषण गर्ग, प्रवीण गोयल, अशोक बांसल, विनय अग्रवाल, अशोक बांसल, विनोद गर्ग, नमन मितल, विज्ञात बांसल, वेद मेहता, पूजा बंसल सहित सैकड़ों अग्र बंधु मौजूद थे।

### महाराजा अग्रसेन चौक पर किया माल्यार्पण

**फतेहाबाद।** अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल सभा द्वारा संरक्षक देवीदयाल तायल के सानिध्य व प्रधान सुभाष गर्ग की अध्यक्षता में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभा के सचिव सुरेंद्र मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेन चौक पर सैकड़ों अग्रबंधुओं की उपस्थिति में प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके उपरांत अग्रवाल धर्मशाला में ध्वजारोहण एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें समाज, प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि की कामना की गई। सभा के प्रधान सुभाष गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन समाजवाद के सच्चे प्रवर्तक थे। उन्होंने 'एक रुपया, एक ईंट' के सिद्धांत से सहयोग और भाईचारे की अनूठी परंपरा की शुरुआत की। साथ ही अपने राज्य में पशु बलि और हिंसा पर रोक लगाकर धर्म के मार्ग पर चलने का अमूल्य संदेश दिया। सचिव सुरेंद्र मित्तल ने संपूर्ण अग्र समाज से महाराजा अग्रसेन के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। समारोह के अंत में सभी बंधुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में सभा के उपप्रधान सुरेश बंसल, कोषाध्यक्ष दलीप गोयल, सह सचिव नितिन मोदी, उप सचिव मुरारी लाल गोयल सहित बड़ी संख्या में अग्रबंधु उपस्थित रहे।



**फतेहाबाद।** महाराजा अग्रसैन प्रतिमा पर माल्यार्पण करते समाज के लोग।

# बस अड्डे पर महिला सुरक्षा टीम ने चार मनचले दबोचे

» *टीम ने कहा, महिलाओं की सुरक्षा में अब कोई समझौता नहीं होगा*

» *किसी भी प्रकार की अशोभनीय हरकत या छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

जिला पुलिस की महिला सुरक्षा टीम ने सोमवार को रतिया बस अड्डे पर चार मनचले युवकों को रंगे हाथों दबोचकर बड़ा संदेश दिया है कि महिलाओं की सुरक्षा में अब कोई समझौता नहीं होगा। यह साहसिक कार्रवाई डिकॉय चेकिंग अभियान के तहत की गई, जिसका नेतृत्व कर रही थी टीम प्रभारी निरीक्षक मंजू सिंह।

यह पूरा ऑपरेशन पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशन में सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। टीम ने रतिया बस अड्डे पर संदिग्ध गतिविधियों पर गहरी निगरानी रखी और जैसे ही चार युवक महिलाओं से छेड़छाड़ जैसी हरकत में लिप्त पाए गए, उन्हें तुरंत मौके से धर दबोचा गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जेंटा राम पुत्र जगतार राम निवासी पंखों कलां पंजाब, सनी सिंह पुत्र भोला सिंह निवासी भावई पंजाब, संदीप सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी आकांवाली व बब्बू सिंह पुत्र मलकीत सिंह, निवासी भावई, पंजाब के रूप में हुई है। इन चारों पर धारा 172(2) बीएनएस के तहत कडी कार्यवाही कर थाना शहर रतिया पुलिस के हवाले कर दिया गया।

### सुरक्षित वातावरण देना प्राथमिकता

एसपी सिद्धांत जैन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की अशोभनीय हरकत या छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डिकॉय अभियान जैसे रणनीतिक प्रयास इस बात के प्रमाण हैं कि पुलिस अब केवल चौकसी ही नहीं, बल्कि नजर और एक्शन दोनों के साथ काम कर रही है। एसपी ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देना हमारी प्राथमिकता है। जो भी व्यक्ति कानून का उल्लंघन करेगा, उसे कड़ी कानूनी सजा भुगतनी होगी चाहे वह किसी भी प्रदेश का हो।

### अपील : गलत करने वालों से डरे नहीं

पुलिस ने अपील करते हुए कहा कि गलत करने वालों से डरे नहीं, बल्कि उन्हें चिन्हित करें। पुलिस ने सभी नागरिकों, खासकर महिलाओं, छात्राओं और युवाओं से अपील की है कि यदि वे किसी भी प्रकार की असामाजिक या संदिग्ध गतिविधि देखें, तो बिना हिचक पुलिस को सूचना दें।

### श्रद्धा से मनाया भाई कन्हैया प्रकाशोत्सव

**सिरसा।** भाई कन्हैया शिक्षा संस्थान में सेवाभाव, शांति और मानवता के प्रतीक भाई कन्हैया का प्रकाशोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सद्गुरु उदय सिंह, संत बलबीर सिंह सींचेवाल, बाबा ब्रह्मदास, स्वामी ज्ञानानंद महाराज, पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल एवं हिसार मंडलायुक्त अशोक गर्ग आदि शामिल हुए। सद्गुरु उदय सिंह ने कहा कि भाई कन्हैया का जीवन केवल इतिहास नहीं, अपितु आज के युग के लिए भी मार्गदर्शक है। उन्होंने युद्ध भूमि में भी सेवा, करुणा और मानवता का जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने उपस्थित संगत से अपील की कि वे जीवन में सेवा, समर्पण और सच्चाई के मार्ग को अपनाएं। संत बलबीर सिंह सींचेवाल ने भाई कन्हैया को 'जल सेवा और जन सेवा' का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भाई कन्हैया का संदेश आज के पर्यावरणीय संकट और सामाजिक असमानताओं के दौर में अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें सेवा भाव से न केवल मानवता की बल्कि प्रकृति की भी सेवा करनी चाहिए। प्रोफेसर गणेशी लाल ने कहा कि भाई कन्हैया एक ऐसे संत थे जिन्होंने करुणा को कर्म में रूपांतरित किया। वे मानव धर्म के सर्वोच्च प्रतिनिधि थे। बाबा ब्रह्मदास और स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने भी उपस्थित संगत को सेवा, संयम और साधना के पथ पर चलने की प्रेरणा दी।



**कैथल।** गेट मीटिंग के दौरान नारेबाजी करते कर्मचारी

# अहमदपुर दारेवाला गांव में इंडोर जिम का शुभारंभ

जिम का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री ने वर्चुअल मीटिंग के जरिए किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

उपमंडल के गांव अहमदपुर दारेवाला में ग्राम पंचायत की ओर से तैयार करवाई गई इंडोर जिम का शुभारंभ हुआ। इस जिम का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री ने वर्चुअल मीटिंग के जरिए किया। कार्यक्रम के मौके पर गांव के लोग, महिलाएं, युवा वर्ग और पंच-सरपंच भारी संख्या में मौजूद रहे। गांव में लंबे समय से जर्जर हो चुके पंचायत घर को पूरी तरह से रेनोवेट कर एक आधुनिक हॉल का निर्माण करवाया गया है। इसी हॉल में फिटनेस को ध्यान में रखते हुए सभी जरूरी जिम मशीनें इंस्टॉल की गई हैं। ग्राम पंचायत के इस कदम को ग्रामीणों ने सराहा और कहा कि अब गांव में भी युवाओं को शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। गांव की सरपंच राधिका कालड़ा ने कहा कि इंडोर जिम की शुरुआत से गांव के युवाओं को सबसे अधिक फायदा होगा। उन्होंने कहा कि फिटनेस और स्वास्थ्य पर ध्यान देना आज के समय की जरूरत है।



### नशा समाज की सबसे बड़ी चुनौती

*इस जिम के माध्यम से युवा वर्ग नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य की ओर जागरूक होंगे। सरपंच ने कहा कि नशा आज समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। युवाओं को सही दिशा देने और उन्हें खेलों से जोडने के लिए यह जिम खुलवाया गया है। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य है कि युवा नशों को अलविदा कहें और फिटनेस को अपनाएं। उन्होंने हरियाणा सरकार का आभार जताते हुए कहा कि ऐसी जिम हर गांव में खोली जानी चाहिए ताकि ग्रामीण स्तर पर भी फिटनेस कल्चर को बढ़ावा मिल सके। गांव के युवाओं में इंडोर जिम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।*

## न्यूज डायरी

### शराब, मीट की दुकानें बंद कराने के लिए सौंपा ज्ञापन



**सिरसा।** नवरात्रों व त्योहारी सीजन को देखते हुए शहर की अनेक धार्मिक संस्थाओं ने शहर में सभी शराब, मीट-मांस की दुकानें व बूचडखाने बंद करवाने को लेकर जिला उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त को दिए ज्ञापन में श्री सनातन धर्म सभा, चिला साहिब गुरुद्वारा, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट, श्री रामा क्लब चेरिटेबल ट्रस्ट, श्री रामा लंगर-भंडारा बैंक, सालासर धाम मंदिर ट्रस्ट सहित अनेक धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बताया कि सोमवार से माता जी के नवरात्र शुरू चुके हैं, जबकि आगामी अक्तूबर माह में प्रमुख त्योहार दशहरा व दीपावली सहित अन्य कई त्योहार भी आने वाले हैं। इन नवरात्रों की व अन्य धार्मिक त्यौहारों को हर वर्ग के लोग बड़ी खुशी से मनाते हैं।

### भाजपा ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं को बनाया मजाकः शर्मा

**सिरसा।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं का मजाक बनाकर रख दिया है। सिरसा नगरपरिषद चेयरमैन चुनाव के 6 माह बीतने के बावजूद अभी तक वाइस चेयरमैन का चुनाव नहीं करवाया गया है, जोकि ना केवल नियमों के खिलाफ है बल्कि चुने गए जनप्रतिनिधियों के साथ धोखा भी है। शर्मा ने जारी बयान में कहा कि नियम कहता है कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा निर्वाचित प्रधान/सदस्यों के नामों की सूचना प्रकाशित होने के बाद, डिप्टी कमिश्नर या उनके द्वारा नामित एक गैजेटेड अधिकारी को 30 दिनों के भीतर उस नवीन समिति की पहली मीटिंग बुलानी होती है ताकि अध्यक्ष/सदस्यों को शपथ दिलवाई जा सके। शर्मा ने कहा कि उस पहली मीटिंग के बाद 30 दिनों के भीतर डिप्टी कमिश्नर को एक और मीटिंग बुलानी होती है जिसमें शेष सदस्यों को शपथ दिलाई जाए और वाइस चेयरमैन का चुनाव करवाया जाए।

### बेटी के जन्म पर कुंआ पूजन कार्यक्रम संपन्न



**सिरसा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तह शहर के जेजे कॉलोनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सुपरवाइजर रेखा ने बताया कि क्षेत्र में गिरते लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए आंगनवाड़ी केंद्र में बेटी का कुंआ पूजन, नीम बंधाई व पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि जब ईश्वर ने बेटा-बेटी में कोई भेद नहीं किया है, तो हमें भी अपनी सोच में परिवर्तन लाना होगा। बेटियों को भी पढने, आगे बढने और सही खानपान का बराबर हक मिलना चाहिए। इस अवसर पर सुपरवाइजर रेखा, वार्ड एमसी बलविंद्र सिंह सहित जेजे कॉलोनी क्षेत्र की आंगनवाड़ी वर्कर व हेल्पर मौजूद रहे।

### श्री रामा क्लब का रामलीला कार्यक्रम आज

**सिरसा।** श्री रामा क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 76वां रामलीला कार्यक्रम आगामी 23 सितंबर से शुरू होगा, जबकि आगामी 2 अक्तूबर को दशहरा महोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ पर ओडिया के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल मुख्यातिथि होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामा क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट के सरंक्षक श्याम बजाज संरक्षक करेंगे। क्लब के प्रधान अश्विनी बठला व महासचिव गुलशन वधवा ने संयुक्त रूप में बताया कि इस बार रामलीला के सभी कार्यक्रम एलईडी पर दिखाए जाएंगी। उन्होंने बताया कि रामलीला के कार्यक्रम का निर्देशन विजय ऐलावादी तथा गुलशन गाबा द्वारा किया जाएगा। सीनरी डायरेक्टर मनीष ऐलावादी होंगे। उन्होंने बताया कि रामलीला के चरित्रों के लिए संवाद गुलशन वधवा ने लिखे हैं। रामलीला में श्रीराम का रोल ऋषभ गाबा, लक्ष्मण का रोल गौरव मेहता निभाएंगे।

# पर्यावरण संरक्षण पर राजकीय नेशनल महाविद्यालय में कार्यक्रम संपन्न

24 सितंबर को पर्यावरण विषय पर इंटर कॉलेज क्विज एवं पोस्टर मेकिंग और कॉलेज स्तर की बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 25 सितंबर को महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा डे-लोंग बाजार लगाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राजकीय नेशनल महाविद्यालय में पर्यावरण के लिए जागरूकता अभियान के तहत महाविद्यालय में गो ग्रीन कम्यूट डे बड़े उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने यातायात साधनों के प्रयोग से होने वाले कार्बन उत्सर्जन को कम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. हरजिंद्र सिंह ने की, जबकि महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मीत के संयोजन में आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. हरजिंद्र सिंह ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन केवल हमारे पर्यावरण ही नहीं, बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। जिसमें छात्र खान-पान और इको फ्रेंडली सामान के स्टाल लगाएंगे।

### 'गो ग्रीन कम्यूट डे' एक आंदोलन : डा. मीत

*यदि आज की पीढ़ी ठोस कदम उठाती है तो आने वाला कल हरियाली और स्वच्छता से भरपूर हो सकता है। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मीत ने कहा कि गो ग्रीन कम्यूट डे केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आंदोलन है। हर विद्यार्थी रोजमर्रा के जीवन में यातायात के साधनों का कम से कम प्रयोग करके समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। वहीं महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर रमेश सोनी ने बताया कि आने वाले दिनों में इसी श्रृंखला के अंतर्गत 24 सितंबर को पर्यावरण विषय पर इंटर कॉलेज क्विज एवं पोस्टर मेकिंग और कॉलेज स्तर की बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 25 सितंबर को महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा डे-लोंग बाजार लगाया जाएगा।*



### हवन यज्ञ के साथ समारोह का हुआ शुभारंभ

**सिरसा।** जाट धर्मशाला में नए कार्यालय का शुभारंभ हवन यज्ञ के माध्यम से किया गया। शुभारंभ के दौरान हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ सुख, शांति और समृद्धि की विशेष प्रार्थना की गई। सभी ने मिलकर इस नये कार्यालय में खुशहाली और उन्नति की कामना की। इस नए दफ्तर के बनने से जाट समुदाय के संगठित प्रयास और बेहतर सेवाएं केंद्रित होंगी, जिससे सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी। यह आयोजन जाट समुदाय के सदस्यों के बीच भाईचारे और प्रेम को और गहरा करेगा और नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस अवसर पर प्रधान मोहन लाल झोरड़, उप प्रधान रामजीलाल धेतरवाल, वेद प्रकाश धेतरवाल , सुरेन्द्र नूइयां, रामकुमार खैरेका, मदन कसवां, कुलदीप कासनियां, हरि सिंह चाहर, शीशपाल झोरड़, संदीप नेहरा, गंगाराम ढाका, राम किसन गोदारा, हनुमान गोदारा, अरविंद बेनीवाल, दलीप बैनीवाल, सहीराम सहारण, सुशील कासनियां, सन्नी खीचड़, महेंद्र कूकना, नंदलाल बेनीवाल, पाला राम गोदारा, बलदेव सिंह लेंगेवाला, ओमप्रकाश मैनेजर, प्रवीण कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### अब तक 228 से अधिक गुम मोबाइल किए जा चुके है बरामद

# 7 गुम हुए मोबाइल फोन ढूंढकर मालिकों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

एसपी सिद्धांत जैन के नेतृत्व में साइबर थाना फतेहाबाद की टीम ने आईएमईआर ट्रेसिंग, लोकेशन सर्विलांस और नेटवर्क एनालिसिस जैसे अत्याधुनिक तकनीकी माध्यमों का उपयोग कर लाखों रुपये के मोबाइल फोन खोज निकाले। एसपी ने आज करीब 3 लाख से अधिक मूल्य के 7 मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। अब तक साइबर थाना 228 से अधिक गुम मोबाइल बरामद कर चुका है, और यह संख्या लगातार बढ़ रही है।

- **मोबाइल फोन की कीमत करीब 3 लाख रुपये**

एसपी कार्यालय परिसर में आयोजित एक सादे लेकिन भावनात्मक कार्यक्रम में जब एसपी सिद्धांत जैन ने स्वयं मोबाइल फोन लाभार्थियों को सौंपे, तो कई चेहरों पर राहत की मुस्कान और आंखों में आभार के आंसू साफ़ दिखाई दिए। लाभार्थियों में गुरजीत अहलीसदर, अजय भिरड़ाना, सचिन कन्हड़ी, अनमोल भट्टूकलां, शारदा सनियाना, जसबीर सिंह हड़ौली तथा महक रतिया शामिल रहे। इनमें से कई लोगों ने तो अपने मोबाइल की वापसी की उम्मीद ही छोड़ दी थी, लेकिन फतेहाबाद पुलिस की सक्रियता और तकनीकी दक्षता ने न केवल उनका फोन लौटाया, बल्कि व्यवस्था पर उनका भरोसा भी बहाल किया। एसपी ने कहा कि गुम मोबाइल को लौटाना केवल तकनीकी कार्रवाई नहीं, बल्कि पुलिस की जवाबदेही और सेवा भाव का प्रमाण है।उन्होंने कहा कि साइबर थाना न केवल गुम मोबाइल की बरामदगी बल्कि साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, और डिजिटल अपराधों के मामलों में भी तेजी और सटीकता से कार्य कर रहा है, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय और राहत मिल सके।



**फतेहाबाद।** मालिकों को उनके मोबाइल फोन लौटाते एसपी।

### साइबर ठगी के शिकार दो पीड़ितों को पुलिस के प्रयासों से मिली पूरी राशि

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों के जाल में फंसकर जब आम लोग अपने खून-पसीने की कमाई गंवा बैठते हैं, तब अक्सर उन्हें सिर्फ मायूसी और बेबसी ही हाथ लगती है, लेकिन फतेहाबाद पुलिस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों और कार्रवाई त्वरित, तो ठग चाहे कितने भी चालाक क्यों न हों, कानून की पकड़ से बच नहीं सकते। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में थाना भुना पुलिस ने साइबर ठगी के दो मामलों में सफलता हासिल करते हुए पीड़ितों को उनकी पूरी राशि वापस दिलवाकर न सिर्फ आर्थिक राहत दी, बल्कि पुलिस के प्रति लोगों का भरोसा और भी मजबूत किया है। बता दें कि गांव खुजूरी जाटी निवासी शैलेंद्र से मध्यप्रदेश के एक अज्ञात व्यक्ति ने 10,700 की ऑनलाइन ठगी कर ली थी। जैसे ही शिकायत थाना भुना पुलिस के पास पहुंची, साइबर हेल्प डेस्क के इंचार्ज पीएसआई मनदीप ने तुरंत सक्रियता दिखाई और तकनीकी पहलुओं को खंगालते हुए रकम की वापसी सुनिश्चित करवाई। शैलेंद्र की वह राशि, जो वह खो चुका मान रहा था, अब वापस उसकी जेब में है। दूसरे मामले में विक्की नामक युवक के साथ 3700 की ठगी हुई थी। विक्की ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल किया और शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद भुना पुलिस ने पूरे पेशेवर अंदाज में काम करते हुए कुछ ही समय में उसकी रकम भी वापस दिलवा दी। इन दोनों मामलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि फतेहाबाद पुलिस अब साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपना चुकी है। चाहे छोटी रकम हो या बड़ी—हर शिकायत को गंभीरता से लिया जा रहा है।



**रतिया।** विधायक जरनैल सिंह को सम्मानित करते गौशाला कमेटी सदस्य।

### विधायक ने की श्री कृष्ण गोशाला को 11 लाख ग्रांट देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

श्री कृष्ण गौशाला रतिया में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान विधायक जरनैल सिंह ने श्री कृष्ण गोशाला को अपने कोटे से 11 लाख रुपये ग्रांट देने की घोषणा की। इसके अलावा शिव प्रोटीन के मालिक चंदन गर्ग, हेमराज, संजय गोयल ने श्री कृष्ण गौशाला कमेटी को गायों के लिए दो लाख बाईस हजार रुपये नगद व 111 खल की बोरी दान देने की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि गौ सेवा करने से हमे धार्मिक और आध्यात्मिक लाभ मिलते है और सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। हमे गौ सेवा के लिए ज्यादा से ज्यादा दान करना चाहिए। शिवा प्रोटीन के मालिक चंदन गर्ग ने कहा कि गौ माता की सेवा से नवग्रहों की शांति, पितृदोष से मुक्ति और मोक्ष की प्राप्ति होती हैं। हेमराज व संजय गोयल ने कहा कि गौ सेवा से धन, पुत्र, विद्या और सुख की प्राप्ति होती है।

**न्यायालय सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद**
केस नम्बर -14-G
तारीख दायरा-21.04.2025
मौजा - बीघड़
तारीख पेशी- 08.10.2025

शिव कुमार पुत्र हवा सिंह पुत्र जयनारायण निवासी सालमखेडा तहसील व जिला फतेहाबाद। ...प्रार्थी

बनाम

कर्मचन्द पुत्र निहाल चन्द पुत्र मंगत राम निवासी बीघड़ तहसील व जिला फतेहाबाद। ...उतरवादी

दरखास्त दरूस्ती गिरदावरी निसबत भूमि नम्बरान खसरा 280//16(8-0) तादादी 8 कनाल 0 मरले मुन्द्रजा जमाबन्दी साल 2022-2023 वाक्या मौजा बीघड़ तहसील व जिला फतेहाबाद बतौर खुद काश्त के बाहक प्रार्थी के नाम अज फसल रबी 2024 ता हाल वा दौराने दरखास्त जो फसल अमल में आवे की गिरदावरी दुरुसत की जावें, बर बिनाये सबुत तहरीरी व तकरीरी हर किस्म।

**नोटिस बनाम उतरवादी**

उपरोक्त मुकदमा में उतरवादी की तलबी सामान्य तरीका से ना हो रही है, अतः उतरवादी को इस विज्ञापन के द्वारा सुचित किया जाता है कि यदि उसे उपरोक्त मुकदमा में किसी प्रकार का एतराज हैं तो वह असालतन या वकालतन इस न्यायालय में दिनांक 08.10.2025 को उपस्थित हो अन्यथा उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

यह विज्ञापन आज दिनांक 03.09.25 को जारी किया गया।

**हस्ता/- सहायक कलैक्टर, द्वितीय श्रेणी फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद**

## खबर संक्षेप


फतेहाबाद। रामलीला के शुभारंभ से पूर्व भगवान राम का चांदी का सिक्का रखते समिति प्रधान धर्मपाल बुढलाडिया।

### चिल्ली वाली रामलीला का शुभारंभ 25 को

**फतेहाबाद।** 98वीं चिल्ली वाली ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ 25 सितंबर से श्री राम सेवा समिति धर्मशाला चिल्ली वाली में समिति के अध्यक्ष धर्मपाल बुढलाढिया की अध्यक्षता में होगा। कई वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस बार भी 125 ग्राम भगवान राम का शुद्ध चांदी का सिक्का पूजन के लिए श्री श्याम मंदिर में पूरे विधि विधान से समिति के प्रधान धर्मपाल जिंदल द्वारा रखा गया। समिति के सचिव ज्ञान चंद मित्तल ने बताया कि इस सिक्के को राम नवमी तक प्रतिदिन पूजा जाएगा। कई वर्षों से इसी तरह सिक्के को धार्मिक मंत्रों उच्चारण के साथ पूजित किया जाता है।

### बीएसएनएल केबल चोर गिरोह का भंडाफोड़

**सिरसा।** पुलिस ने बीएसएनएल की भूमिगत केबल चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह के सदस्य खुद को सरकारी कार्यों का ठेकेदार बताकर घटना को अंजाम देते थे। गिरोह के तार दिल्ली से जुड़े हुए हैं। पुलिस ने पकड़े गए गिरोह के सदस्यों से पूछताछ कर हरियाणा के अन्य जिलों में भी इस नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने सोमवार को बताया कि बीएसएनएल के जेटीओ की शिकायत पर गिरोह का भंडाफोड़ कर दो और सदस्यों दीपक पुत्र रोहताश व सुन्नी पुत्र रोहताश निवासी जिला झज्जर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**रतिया।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्द शर्मा ने रतिया के रेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली। यहां पहुंचने पर रतिया के विधायक जरनैल सिंह के अलावा मंगतराम लालवास, देवराज हड़ौली, गुरजिन्द्र सिंह, गुरसेवक सिंह सरपंच, सुरेश झाम्ब, कुलदीप सिंह पूर्व सरपंच, साधु सिंह पूर्व सरपंच सहित सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। मीटिंग को संबोधित करते हुए अरविन्द शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या करते हुए भाजपा सरकार जिस प्रकार बार बार चुनावों में घपलेबाजी कर रही है, उसके खिलाफ कांग्रेस द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है।

### जजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित

**फतेहाबाद।** जजपा के जिलाध्यक्ष रविंद्र बेनीवाल ने आज जजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित कर दी। जिला प्रवक्ता कुलदीप सिगड़ ने बताया कि भीम सिंह बेनीवाल व ईश्वर सिंह को वरिष्ठ उपप्रधान, मनोज श्योराण, पूर्ण सरपंच, दलीप सिंह व रघुबीर बलौदा को उपप्रधान, शिवकुमार कसवां, ओमप्रकाश गोदारा, राममूर्ति, बिट्टू मुंजाल व रघुबीर दहिया को महासचिव, रामकिशन, सुनील कुमार, हवासिंह, जयबीर दहिया को सचिव, सतीश गढ़वाल को कार्यालय सचिव, दिनेश जाखड़ को प्रचार सचिव तथा कुलदीप खान, प्रवीन, रमेश कुमार, रामसिंह, रमेश गोरछिया व अन्य को सदस्य नियुक्त किया गया है।

### अग्रवाल वैश्य समाज की कार्यकारिणी का गठन

**टोहाना।** अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के निर्देश पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल से विचार विमर्श करने के बाद टोहाना विधानसभा के अध्यक्ष एडवोकेट निशांत जैन ने टोहाना विधानसभा की कार्यकारिणी का गठन किया है। इसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोती सिंगला, उपाध्यक्ष डॉ गगन गर्ग, पंकज जैन तथा सुमित सिंगला, महासचिव अमित जैन, सचिव शोभित जैन, सहसचिव संदीप जिंदल, अमन सिंगला व सौरव मित्तल, कोषाध्यक्ष मुनीश गोयल, सह कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग को बनाया गया है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत फतेहाबाद पुलिस ने लगाया मेगा रक्तदान शिविर, एसपी ने किया उद्घाटन

# रक्तदान एक महान कार्य है, जो किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन देता है : सिद्धांत जैन

*शिविर में 90 कर्मचारियों ने रक्तदान किया, एसपी ने लोगों से रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सेवा पखवाड़ा के तहत फतेहाबाद पुलिस द्वारा पुलिस लाइन परिसर में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने किया। उन्होंने रक्तदाताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। शिविर में जिले के विभिन्न थानों और पुलिस इकाइयों से आए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। कुल 90 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।


फतेहाबाद। रक्तदान पर सिटी एसएचओ सुरेन्द्रा को सम्मानित करते एसपी सिद्धांत जैन।

### समाज सेवा के लिए पुलिस प्रतिबद्ध : एसपी

एसपी ने कहा कि खून को जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए स्थानीय ब्लड बैंकों को सौंपा जाएगा। इस अवसर पर थाना शहर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा, सीआईए प्रभारी वेदपाल, एमटीओ प्रभारी हरजीत सिंह, आरटीआई प्रभारी श्यामलाल सहित कुल 90 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी रक्तदान करने वालों में शामिल रहे। रक्तदान के बाद सभी रक्तदाताओं को जलपान भी करवाया गया। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जो किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन देता है। यह पुलिस की समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय भूमिका निभाना है।

### रेडक्रॉस की टीम भी रही मौजूद

शिविर में सहायक पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला, उप पुलिस अधीक्षक कुलवंत सिंह, पुलिस लाइन प्रभारी उपनिरीक्षक सुमेर सिंह तथा रेडक्रॉस से डॉ. सुनील और डॉ. सुरेंद्र कुमार सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी रक्तदाताओं की पूर्व स्वास्थ्य जांच की गई और चिकित्सकीय निगरानी में सुरक्षित रूप से रक्त संग्रहण किया गया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं डॉक्टरों की टीम द्वारा सुनिश्चित की गई। इस शिविर का उद्देश्य केवल रक्त एकत्र करना ही नहीं था, बल्कि समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना भी रहा। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे, जिससे पुलिस और समाज के बीच विश्वास और सहयोग की भावना और अधिक मजबूत हो सके।

## विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में एनएसएस की भूमिका अहम

- एमएम कॉलेज में सेवा पखवाड़े के तहत चलाया गया स्वच्छता अभियान, एनएसएस का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल कॉलेज में 17 सितम्बर से शुरू हुए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा आज स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। एनएसएस वॉलंटियर्स सहित कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस अभियान में हिस्सा लिया और कॉलेज में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान राजीव बत्रा, सचिव विनोद मेहता एडवोकेट, उपप्रधान अशोक तनेजा, बीएड कॉलेज उपप्रधान संजीव बत्रा ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर कॉलेज परिसर में विभिन्न तरह के पौधे भी लगाए। यह सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलेगा, इस दौरान विभिन्न तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर क्षेत्रीय निदेशालय, एनएसएस नई दिल्ली से फील्ड ऑफिसर मनोज कुमार ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने स्वागत भाषण के साथ किया। एनएसएस प्रभारी डॉ. प्रतिभा मखीजा और डॉ. विकेश सेठी ने अपने मार्गदर्शन से कार्यक्रम को विशेष दिशा प्रदान की।


फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी।

### जागरूक किया

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता मनोज कुमार ने एनएसएस गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनएसएस न केवल समाज कल्याण में योगदान देता है बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में भी अहम भूमिका निभाता है। यह छात्रों में सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करता है, जिससे वे समाज के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनते हैं।

## राजकीय पशु चिकित्सालय में सेवा पखवाड़ा, डेढ़ सौ पशुओं का हुआ इलाज

**भट्टूकलां।** राजकीय पशु चिकित्सालय भट्टूकलां में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और पशु स्वास्थ्य जांच कैंप जैसी गतिविधियां आयोजित की गई, जिनका उद्देश्य पशुधन की देखभाल के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। यह शिविर उपनिदेशक, पशुपालन विभाग फतेहाबाद डॉ. सुखविंदर और उपमंडल अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पशुपालकों ने भाग लिया और अपने पशुओं की जांच एवं इलाज करवाया। कुल मिलाकर लगभग 150 पशुओं का इलाज किया गया,


भट्टूकलां। पशुओं का उपचार करते चिकित्सक।

## जीएसटी 2.0 : उद्योग जगत ने नए सुधारों का किया स्वागत, उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जीएसटी 2.0 सुधारों को लेकर सोमवार को अग्रवाल धर्मशाला में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशासन एवं जीएसटी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने व्यावसायिक समुदाय, उद्योग संगठनों तथा कर सलाहकारों को नई पीढ़ी के जीएसटी सुधार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एसडीएम राजेश कुमार ने कहा कि जीएसटी 2.0 केवल कर दरों में बदलाव नहीं, बल्कि भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को विश्वस्तरीय बनाने का प्रयास है। इसका उद्देश्य उपभोक्ता को राहत देना, उद्योग को प्रोत्साहित करना और राज्यों व केंद्र के बीच राजस्व संतुलन बनाए रखना है। उन्होंने इसे 2047 तक एकल जीएसटी दर लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। आबकारी एवं कराधान अधिकारी लव कुमार ने बताया कि जीएसटी की दर संरचना को सरल करते हुए अब केवल दो मुख्य दरें लागू की है।


फतेहाबाद। जीएसटी 2.0 सुधारों को लेकर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते अधिकारी।

### पारदर्शिता आएगी : गर्ग

इस अवसर पर जिला संयोजक जीएसटी रिफॉम्स अधिवक्ता भारत भूषण गर्ग, सुरेंद्र मित्तल व अन्य व्यापारिक एवं उद्योग प्रतिनिधियों ने कहा कि इन सुधारों से अनुपालन सरल होगा, एमएसएमई को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी और उपभोक्ताओं को वास्तविक राहत पहुँचेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन सुधारों से बाजार में स्थिरता और पारदर्शिता आएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी व अन्य लोग पहुंचे।

## सीटू का जिला सम्मेलन आयोजित, ओमप्रकाश अनेजा बने संयोजक, 15 सदस्यीय कमेटी गठित

*निवर्तमान जिला सचिव ने 3 सालों की रिपोर्ट प्रस्तुत की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

फतेहाबाद रोड स्थित शहीद चन्द्रशेखर आजाद भवन में सीटू फतेहाबाद के 7वें जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता शीला शक्करपुरा, मदन सिंह और धर्मपाल जाण्डली के तीन सदस्यीय अध्यक्षमंडल ने की। सम्मेलन में जिलेभर से अलग-अलग यूनियनों के आए प्रतिनिधियों के बीच में निवर्तमान जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा ने 3 सालों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला कोषाध्यक्ष बेगराज ने वित्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। बहस के बाद दोनों रिपोर्ट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। सम्मेलन में ओमप्रकाश अनेजा को संयोजक, गगनदीप, सुनील व शीला शक्करपूरा को सहसंयोजक, जगीर सिंह, हरपाल, सविता, धर्मपाल जाण्डली को कमेटी सदस्य चुना गया।सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए सीटू प्रदेश सचिव कामरेड विनोद ने कहा कि हमारे देश में, एक उभरता हुआ मुद्दा अमेरिका द्वारा प्रेरित टैरिफ युद्ध है। चल रही व्यापार-वार्ताओं और साम्राज्यवादी दबावों के आगे मोदी सरकार के झुकने के चलते, इसने कृषि और उद्योगों/सेवाओं दोनों पर इसके विनाशकारी प्रभाव के खतरों को उजागर कर दिया है। सम्मेलन का समापन करते हुए सीटू के प्रदेश उपप्रधान सुखबीर सिंह ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार चार लेबर कोड थोंपने के माध्यम से मजदूरों को गुलामी की ओर धकेलना की रणनीति बना रही है। चंद कॉर्पोरेट घरानों के लिए देश का खजाना लुटाया जा रहा है।


भूना। सीटू के जिला सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

### सत्ता का दुरुपयोग कर रही भाजपा

*उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सत्तासीन भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर मजदूरों के कल्याण के लिए बने बोर्ड के पैसे का इस्तेमाल अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए कर रही है। इन कल्याण बोर्ड से लाभान्वित होने वाले श्रमिक अपने लाभों के लिए दर-दर की ठोकर खा रहे हैं और साइट बंद करने के नाम पर मजदूरों को इन लाभों से वंचित किया जा रहा है। मनरेगा के तहत ना तो मजदूर को काम मिल रहा है और ना ही उन्हें किए गए काम का पूरा भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से प्रदेश सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये घोषित करने के लिए आंदोलन तेज करने का आह्वान किया ।*

## ऑनलाइन शॉपिंग में जरा सी लापरवाही पड़ रही भारी : जैन

**फतेहाबाद।** त्योहारी सीजन हो या सामान्य दिन, ऑनलाइन शॉपिंग अब आम जीवन का हिस्सा बन चुकी है। इसी सुविधा का फायदा उठाकर साइबर ठग लोगों को लाखों रुपये की चपत लगा रहे हैं। ऑनलाइन ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए फतेहाबाद पुलिस ने आमजन के लिए एक विशेष एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देश पर जारी इस एडवाइजरी में नागरिकों को आगाह किया गया है कि वे किसी भी अनजान वेबसाइट, फर्जी लिंक या अत्यधिक लुभावने ऑफर के झांसे में न आएं। विशेषकर ऐसे विक्रेताओं से सावधान रहें जो एडवांस पेमेंट की मांग करते हैं। सोशल मीडिया, ओएलएक्स जैसे प्लेटफॉर्म्स पर खुद को आर्मी पर्सन या सरकारी कर्मचारी बताकर ठगी करना अब साइबर ठगों का आम तरीका बन चुका है। पुलिस ने सुझाव दिया है कि ऑनलाइन खरीदारी करते समय हमेशा वेबसाइट के यूआरएल को ध्यान से जांचें और केवल वेरिफाइड पोर्टल का ही इस्तेमाल करें। अत्यधिक सस्ते या अविश्वसनीय ऑफर आमतौर पर फ्रॉड का हिस्सा होते हैं। किसी भी स्थिति में अपने डेबिट या क्रेडिट कार्ड की जानकारी, या ओटीपी साझा न करें।


एसपी सिद्धांत जैन।

## भूपेंद्र हुड्डा चौ. देवीलाल जयंती कार्यक्रम को असफल बनाने के लिए रच रहे षड्यंत्र : आदित्य

*इनेलो विधायक ने पूर्व सीएम पर जड़े आरोप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

विधायक आदित्य देवीलाल ने कहा कि इनेलो की 25 सितंबर को रोहतक में होने वाली चौधरी देवीलाल जयंती कार्यक्रम को असफल बनाने के लिए पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व उनका सांसद पुत्र दीपेंद्र हुड्डा गहरा षड्यंत्र रच रहे हैं जिसे इनेलो किसी भी सूरत में सफल नहीं होने देगी। विधायक आदित्य सोमवार को सिरसा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।


सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते विधायक आदित्य देवीलाल।

विधायक ने इस दौरान एक ऑडियो भी सुनाया जिसमें भूपेंद्र हुड्डा व दीपेंद्र हुड्डा समर्थक एक युवा स्वयं को विधायक आदित्य देवीलाल का पीए बनकर यह कहता है कि इनेलो पैसे के बल पर भीड़ एकत्रित करने का प्रयास कर रही है। विधायक आदित्य ने कहा कि उन्होंने इस मामले में डबवाली पुलिस को एक शिकायत देकर उपरोक्त युवक की तलाश कर उसे गिरफ्तार करने की मांग की है।

## भूना के कुलां रोड पर हो रही अवैध कॉलोनी की धड़ल्ले से प्लॉटिंग


भूना। कुलां रोड पर नियमों को ताक पर रखकर काटी गई कॉलोनी में किया जा रहा निर्माण।

**भूना।** कुलां रोड पर नियमों को ताक पर रखकर कॉलोनाइजरों द्वारा अवैध कॉलोनी का धड़ल्ले से विकास किया जा रहा है। बिना किसी अनुमति के बड़ी संख्या में दुकानें, शोरूम और रिहायशी प्लॉट काटकर लाखों रुपये में बेचे जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि जिला नगर योजनाकार विभाग इस पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए है। विभागीय अधिकारियों की खामोशी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यह कॉलोनी पूरी तरह से गैर-कानूनी है। न तो इसका कोई लेआउट पास हुआ है, न ही आवश्यक सुविधाओं जैसे सीवरेज, पानी, सडक और पार्क आदि की कोई योजना है। विभाग की चुप्पी से लोग हैरान है।

**योगदान** कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सामाजिक संस्थाओं का सहयोग जरूरी : एसपी सिद्धांत

# अग्रवाल समाज ने दो पुलिस सहायता केंद्र किए समर्पित

- भट्टू रोड पर एसबीआई रोड पर तथा सिरसा रोड पर एमएम कॉलेज मोड़ के सामने स्थापित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अग्रवाल समाज फतेहाबाद द्वारा शहर में कानून और ट्रेफिक व्यवस्था को दुरूस्त रखने को लेकर शहर में दो पुलिस सहायता केन्द्रों की स्थापना की गई है। भट्टू रोड पर एसबीआई रोड पर तथा सिरसा रोड पर एमएम कॉलेज मोड़ के सामने स्थापित किए गए दोनों पुलिस सहायता केन्द्रों का आज विधिवत उद्घाटन किया गया। अग्रवाल समाज फतेहाबाद के पदाधिकारियों की मौजूदगी में दोनों सहायता केन्द्रों को पुलिस प्रशासन को सुपुर्द किया गया। दोनों पुलिस सहायता केंद्रों का शुभारंभ फतेहाबाद के जिला पुलिस कप्तान सिद्धांत जैन द्वारा रिबन काटकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अग्रवाल समाज फतेहाबाद के प्रधान मनोज गर्ग, प्रोजेक्ट चेयरमैन अनिल गोयल व अन्य पदाधिकारियों ने एसपी सिद्धांत जैन को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और भविष्य में भी पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने की बात कही। यंशिका गोयल व समाज की अन्य बेटियों ने एसपी का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज फतेहाबाद के महाप्रबंधक संजय जैन ने संस्था की गतिविधियों एवं उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



फतेहाबाद। अग्रवाल समाज फतेहाबाद द्वारा स्थापित पुलिस सहायता केन्द्र का उद्घाटन करते एसपी सिद्धांत जैन। फोटो : हरिभूमि

### संरक्षक सहित ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अग्रवाल समाज फतेहाबाद के संरक्षक अजय गोयल, वरिष्ठ उपप्रधान प्रयास गर्ग, उपप्रधान देसराज बंसल, सचिव ललित गोयल, सहसचिव पिताम्बर सिंगला, उप सचिव सुनील गोयल, कोषाध्यक्ष अमित बंसल, प्रेस प्रवक्ता मुकेश बंसल, विजय अग्रवाल, राजीव गोयल, भीमसैन बंसल, कमलेश गर्ग, अग्रवाल सभा के सचिव सुरेन्द्र मित्तल, संजय बंसल, दिनेश बंसल, सुनील गर्ग, नरेश गोयल, प्रवीन जैन, सोनू बंसल, भीमसैन असीजा, भारत भूषण गर्ग एडवोकेट, निरंजन ईरन, राजकुमार बंसल सहित अग्रवाल समाज फतेहाबाद के अनेक सदस्य व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## प्रदेश में डीएपी खाद का संकट, सरकार की लापरवाही से किसान बेहाल: सैलजा

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में डीएपी खाद की भारी कमी को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा सरकार की नीतिगत लापरवाही के कारण प्रदेश के किसान दोहरी मार झेलने को मजबूर हैं। कुमारी सैलजा ने सोमवार को मीडिया को जारी प्रेस बयान में कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहले ही चेतावनी दी थी कि चीन द्वारा स्पेशियलिटी फर्टिलाइजर की आपूर्ति रोके जाने से देश में खाद की भारी किल्लत होगी। लेकिन भाजपा सरकार ने समय रहते इस संकट के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। सांसद ने कहा कि आज वही स्थिति सच साबित हो रही है। हरियाणा के सिरसा, फतेहाबाद, अंबाला, यमुनानगर समेत कई जिलों में डीएपी खाद का स्टॉक पूरी तरह खत्म हो चुका है। किसान खाद की तलाश में मंडियों और बाजारों में भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। सांसद ने कहा कि पहले बाढ़ से फसलें तबाह हुईं, अब खाद के अभाव में किसान परेशान हैं। भाजपा सरकार ने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की बजाय उन्हें बाजार की मार झेलने के लिए छोड़ दिया है। आखिर कब तक किसान भाजपा सरकार की अव्यवस्था का शिकार बनता रहेगा? कुमारी सैलजा ने सरकार से मांग की कि खाद की तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिलों में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया जाए और संकट के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो। सैलजा ने कहा कि एच-1बी वीजा पर हर साल $100,000 रुपये का नया शुल्क भारत की सबसे प्रतिभाशाली युवा शक्ति के भविष्य पर सीधी चोट है।

